## ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

| | | | |
|---|---|---|---|
| वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त | 3 DAYS 100/- | 15 DAYS 500/- | 1 MONTH 1000/- |
| डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) | 1 DAYS 500/- | 7 DAYS 1800/- | 1 MONTH 3000/- |
| पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित | Size 8x1 | Rs. 500/- | |
| गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई | Size 8x1 | Rs. 1000/- | |
| वैवाहिक | Size 6x1 | Rs. 500/- | |
| नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया | Display Classified Rate | | |
| वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द | Rs. 500/- | | |

**Contact:-**
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.


# मां के स्तनपान भाव को जूनियर डॉक्टर्स ने चित्रों में उकेरा



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** कमला राजा अस्पताल में विश्व स्तनपान सप्ताह के तीसरे दिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए द्य इसमें मुख्य रूप से युवाओं में और युवाओं के द्वारा जन जागरण के लिए पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह आयोजन बालरोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ. अजय गौड़ के मार्गदर्शन में प्रो डॉ रवि अम्बे द्वारा करवाया गया द्य इन प्रतियोगिताओ में अंडर-ग्रेजुएट, इंटर्न, पोस्ट-ग्रेजुएट एवं नर्सिंग विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इस प्रतियोगिता में लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने स्तनपान विषय पर अपनी कलात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। सभी प्रतिभागियों से शिशुओं को स्तनपान विषय पर सुंदर पोस्टर एवं आकर्षक स्लोगन की रचना की , जिसका मूल उद्देश्य जन-मानस में स्तनपान का महत्व सहज और प्रभावपूर्ण रूप से पहुंचाना था। प्रतिभागियों द्वारा रचित पोस्टरों एवं नारों में विशेष रूप से लोकप्रिय रहे। दूध की पोषकता, अद्वितीयता अनमोल है , नवजात शिशुओं को रोग-प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करने वाले मां के दूध की जीवंत व्याख्या

**स्वस्थ शिशु की पहली सीढ़ी - माँ का दूध अनमोल निधि।**

**स्तनपान अपनाएं - शिशु को सशक्त बनाएं।**

निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ पोस्टर एवं स्लोगन का चयन कर पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रो डॉ अजय गौड़ ने बताया कि जन्म के पहले छह महीनों तक विशुद्ध स्तनपान अत्यावश्यक है, जिससे नवजात मृत्यु दर में कमी आती है, रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, और माँ के दीर्घकालिक स्वास्थ्य जैसे कि ब्रेस्ट कैंसर, मधुमेह व हृदयरोग का जोखिम घटता है।

प्रो डॉ. रवि अम्बे ने बताया कि स्तनपान मात्र व्यक्तिगत निर्णय नहीं, अपितु स्वास्थ्य-शिशु-परिवार-समाज की सफलता की आधारशिला है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ सत्येंद्र राजपूत एवं सीनियर रेजिडेंट डॉ राहुल, डॉ विनीला, डॉ ऋचा, डॉ अथुल, डॉ इशिता , डॉ रश्मि एवं डॉ जय ने विशेष सहयोग एवं योगदान दिया।

# पहले से बंधक प्रॉपर्टी पर ले लिया लोन, मैनेजर और डायरेक्टर पर मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** एक बैंक मैनेजर से सांठ-गांठ कर जैतल कंस्टू क्शन कंपनी के डायरेक्टर ने पहले से बंधक प्रॉपर्टी पर फिर से लोन ले लिया। जब यह बात कंपनी के पार्टनर को पता चली तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। झांसी रोड थाना पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। मामला 2016 से 2024 तक चलता रहा और कंपनी के दूसरे डायरेक्टर को इसकी भनक तक नहीं लगी। भूपेश कुमार वर्मा पुत्र घनश्याम दास वर्मा निवासी मकान नम्बर 110 न्यू कॉलोनी नम्बर 2 बिरला नगर जैतल कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में डायरेक्टर हैं। इनके पार्टनर वीरेन्द्र कुमार गुप्ता है और कंपनी का ऑफिस हरीशंकरपुरम में स्थित है। अक्टूबर 2016 में कंपनी ने एक प्रॉपर्टी को बंधक रखकर बैंक की सिटी सेंटर शाखा से लोन लिया था। बाद में इसी प्रॉपर्टी के ऊपर दोबारा से जैतल कंपनी के दूसरे डायरेक्टर वीरेन्द्र कुमार गुप्ता ने 11 लाख 74 हजार रुपए का लोन ले लिया। सिटी सेंटर पर बैंक की शाखा के तत्कालीन बैंक मैनेजर ने इसमें वीरेन्द्र गुप्ता का पूरा साथ दिया।

# शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे आज

**ग्वालियर।** एमएलबी कॉलेज में 4 अगस्त को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध के नायकों की बहादुरी एवं वीरता से युवाओं को परिचित कराने के लिए परिचर्चा तथा विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल नरेंद्र सिंह तोमर, सोल्जर बोर्ड ग्वालियर, भागीदारी लेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर एसएम अत्रे सेवानिवृत्ति प्राध्यापक सैन्य विज्ञान एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉक्टर आरके वैद्य सेवानिवृत्ति प्राध्यापक सैन्य विज्ञान सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय का शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ एवं महाविद्यालय के नियमित छात्र-छात्राएं अनिवार्य का भागीदारी करेंगे।

# आज निकलेगी नंदी रथ कांवड़ यात्रा




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,05अगस्त।** शहर में आज नंदी रथ कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। हरिद्वार से 501 लीटर गंगाजल की कांवड़ भरकर सैकड़ों युवा श्रद्धालुओं का श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था से सराबोर यह नंदी रथ कांवड़ जत्था आज ग्वालियर पहुंचेगा। युवा श्रद्धालु हरिद्वार से नंदी रथ को पैदल खींचते हुए ग्वालियर ला रहे हैं। 4 अगस्त को दोपहर 12 बजे फूलबाग मैदान से बाबा अचलनाथ के जयघोष के साथ नंदी रथ कांवड़ शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। इसके बाद फूलबाग चौराहा, नदी गेट, इंदरगंज चौराहा होते हुए दोपहर 3.30 बजे श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचेगी। जहां हरिद्वार

से लाई गई कांवड़ों के गंगाजल से बाबा अचलनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। श्री अचलेश्वर मंदिर न्यास के सदस्य महेन्द्र भदकारिया ने बताया कि फूलबाग चौराहे से लेकर श्री अचलेश्वर मंदिर एवं श्री गुप्तेश्वर मंदिर तक की सड़कों, चौराहों पर नंदी रथ कांवड़ शोभा यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारियां की गई हैं। जगह-जगह स्वागत द्वार एवं मंच बनाकर अचलनाथ बाबा के भक्तों एवं शहरवासियों द्वारा नंदी रथ कांबड यात्रा का स्वागत किया जाएगा। अचलेश्वर मंदिर पर जलाभिषेक करने के बाद यात्रा गुप्तेश्वर मंदिर जाएगी।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद पोरसा जिला मुरैना ( म .प्र . )

NIT NO. 785/UADD/2025/PORSA/E-TENDERING पोरसा दिनांक 28.07.2025

## ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा अधोलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। नीचे दर्शित तालिका अनुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा दिनांक 01/09/2025 सायं 5.30 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | टेण्डर क्रमांक | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| .1 | वार्ड नं. 02 सिंधिया स्कूल के पीछे से राजू खां, छोटू खान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 15.00 लाख | 2025_UAD_440670_1 | 15000/- | 2000/- | 01/09/2025 | 06 माह |
| .2 | वार्ड नं. 02 सिंधिया स्कूल के पीछे से सेंगर मास्टर से सरीता भदौरिया के मकान तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य। | 18.60 लाख | 2025_UAD_440670_2 | 18600/- | 2000/- | 01/09/2025 | 06 माह |
| .3 | वार्ड नं. 02 दीनदयाल नगर में साधु सिंह तोमर भट्टा से श्यामवीर तोमर तक नाला निर्माण कार्य। | 24.50 लाख | 2025_UAD_440670_3 | 24500/- | 5000/- | 01/09/2025 | 06 माह |
| .4 | राधा कृष्ण मंदिर से महिन्द्रा एजेंसी तक सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 35.57 लाख | 2025_UAD_440670_4 | 35570/- | 5000/- | 01/09/2025 | 06 माह |
| 5 | भानू तोमर से राधा कृष्ण मंदिर तक सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 35.57 लाख | 2025_UAD_440670_5 | 35570/- | 5000/- | 01/09/2025 | 06 माह |
| 6 | महालक्ष्मी की दुकान से अंग्रजी शराब ठेका तक सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 35.57 लाख | 2025_UAD_440670_6 | 35570/- | 5000/- | 01/09/2025 | 06 माह |
| 7 | वार्ड नं. 03 में गंगाराम धोबी के मकान से आशिक कसाई के मकान तक सी.सी. रोड व नाला निर्माण कार्य। | 15.93 लाख | 2025_UAD_440670_7 | 15930/- | 2000/- | 01/09/2025 | 06 माह |

शर्तें:-
1. निविदा प्रपत्र एवं दर ऑफर ऑनलाइन निविदा प्रकाशन से दिनांक 01/09/2025 को सायं 05:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है।
2. निविदा हेतु लिफाफे जिसमें प्रथम लिफाफा (Envelope-A) निर्धारित अमानत राशि की ऑनलाइन ट्रांन्जेक्शन रिसीप्ट /NEFT/RTGS SYSTEM GENERATE CHALLAN प्रति एवं रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट एवं 100 रुपये के स्टाम्प पर निर्धारित प्रारुप में एफीडेविट, जी.एस.टी. फार्म एच., तथा अन्य निविदा प्रपत्र में दिये गये अन्य दस्तावेज ऑनलाईन अंतिम तिथि 01/09/2025 को शाम 05:30 बजे तक ऑनलाईन सबमिट करें। फिजीकल बिड की आवश्कता नहीं है।
3. (Envelope-A) मेन्डेटरी दस्तावेज एवं अन्य नियत दस्तावेज ऑनलाईन ऑपन दिनांक 03/09/2025 सुबह 11.00 बजे से।
4. निविदा में किया गया कोई भी संशोधन उक्त बेवसाइट www.mptenders.gov.in पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अत: संबंधित जानकारी उक्त बेवसाइट पर देखी जावे, निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा में देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदा सूचना विभाग की बेवसाइट www.mpurban.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पोरसा


# गोगाजी देव ने अपने कार्यों से दिया सामाजिक समरसता का संदेश : संत देवानंद

**गोगा महोत्सव में हुआ सभी वर्गों का सम्मान, भजन गायन मंडलियों की प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,05अगस्त।** मप्र वाल्मीकि विद्यापीठ की ओर से रविवार को लोक देवता जाहरवीर गोगाजी देव महोत्सव में सामाजिक समरसता संगोष्ठी एवं समारोह का आयोजन जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों से आई भजन गायन मंडलियों द्वारा गोगाजी देव को समर्पित भजन कीर्तन प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम आयोजक डॉ. संगीता राजेश कटारे, अक्षय सिंह एवं रामसेवक कटारे ने बताया कि सुबह गालव सभागार परिसर में शहर भर से जाहरवीर गोगाजी देव का झंडा एवं छड़ियां आईं, जिन्हें सभी उपस्थितजनों ने श्रद्धाभाव से नमन कर सभी की प्रगति एवं समृद्धि के लिए कामना की। दोपहर में जेयू के कार्यपरिषद सदस्य डॉ. मंजीत कौर भल्ला, डॉ. संगीता राजेश कटारे, डॉ. रवि अम्बे, पूर्व ईसी सदस्य प्रदीप शर्मा, संजय यादव एवं वीरेन्द्र गुर्जर ने विधिवत झंडा पूजन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके उपरांत आयोजित सामाजिक समरसता संगोष्ठी में आरएसएस के सामाजिक समरसता प्रमुख सुधीर शर्मा, संगीत विवि के कार्यपरिषद सदस्य चंद्रप्रताप सिकरवार एवं प्रो. मदन भार्गव ने गोगाजी देव के जीवन, समाज के कमजोर वर्ग के लिए उनके संघर्ष एवं उपलब्धियों का चित्रण करते हुए उन्हें शब्दांजलि अर्पित की। शाम के सत्र में लाल टिपारा स्थित आदर्श गौशाला के संत ऋषभ देवानंद महाराज का भी ऊर्जावान आध्यात्मिक सानिध्य प्राप्त हुआ।



# रामबोला के बोल के विजेता सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा दौलतगंज, में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती पर व्याख्यान तथा %रामबोला के बोल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। गोस्वामी तुलसीदास जयंती के उपलक्ष्य में हुई इस प्रतियोगिता सभी वर्गों में प्रथम पुरस्कार गिटार सुश्री आंशिका मिश्रा, द्वितीय पुरुस्कार स्केटिंग सुश्री अनिका गुप्ता तथा तृतीय पुरुस्कार स्टडी टेबल समीक्षा दुबे को मिला। किन्हीं दो प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर हेमान्या करकरे, इतिक्षा चौहान, लिबेन, निद्यति, तथा भाव्या को सम्मानित किया गया। प्रथम वर्ग कक्षा 1-4 में प्रथम स्थान पर अक्षय, द्वितीय पर आद्या, तथा तृतीय पर हिमांशी कुशवाह रहीं। द्वितीय वर्ग कक्षा 5-8 में प्रथम स्थान पर शाम्भवी पाठक, द्वितीय पर गौरी दुबे तथा तृतीय पर त्रिलोक सिंह गुर्जर रहे। तृतीय वर्ग कक्षा 9-12 में प्रथम स्थान पर ऋषभ पांडे, द्वितीय पर तरुण दुबे तथा तृतीय पर अंजली चौरसिया रहीं। चतुर्थ वर्ग महाविद्यालय (यूजी-पीजी) में प्रथम स्थान पर आराध्य दीक्षित, द्वितीय पर कनिष्क भदौरिया तथा तृतीय पर खुशबू चौरसिया रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रिपुदमन सिंह ठाकुर , मुख्य वक्ता डॉ. लक्ष्मी शर्मा , सभा अध्यक्ष कुमार संजीव , सभा की संरक्षक डॉ. मन्दाकिनी शर्मा, सभा मंत्री उपेंद्र कस्तूरे , संयोजक शिवम सिसोदिया व शिवानी गोस्वामी जी, सह संयोजक विकास बघेल व अंकुर चौरसिया उपस्थित रहे। संचालन जान्हवी नायक तथा सरस्वती वंदना व परिषद गीत व्याप्ति उमडेकर ने किया। इस अवसर पर युवा कार्यकर्ताओं में प्रथम बघेल, हेमन्त लोधी, आकाश शर्मा, अनुभवी शर्मा, हिमांशु शर्मा, गोविन्द भदौरिया, धर्मेंद्र भड़ाना, गौरव राजोरिया, उदयवीर चौहान, पलक सिकरवार, विजय किरार, गौरव सिंह बघेल, अंजली चौरसिया, प्रियांशु कुशवाह, शुभम जैसवाल, आदित्य कुशवाह, दीक्षा शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# डॉ मैथिलीशरण गुप्त जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती के अवसर पर श्री गहोई वैश्य समाज ग्रेटर ग्वालियर के तत्वधान में राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त जी की प्रतिमा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त चौराहा लश्कर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की मुख्य अतिथि जयप्रकाश राजोरिया जिला अध्यक्ष भाजपा, सुधीर गुप्ता जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम ग्वालियर द्वारा कार्यक्रम में समाजसेवीयो एंव प्रतिभावान लोगो को सम्मानित किया गया इस अवसर पर दिलीप तपा अध्यक्ष, राम प्रकाश सोनी पूर्व अध्यक्ष, प्रदीप पहारिया पूर्व महामंत्री ग्रेटर ग्वालियर, घनश्याम दास कंथरिया महामंत्री ग्रेटर ग्वालियर, एन के सांवला, वरूण कस्तवार, रमेश कनकने उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश कंथरिया, पवन महतेले संगठन मंत्री, रवि रावत, अनिल नीखरा, कार्यकारिणी सदस्यगण, गणपतराम नीखरा, सियाराम नीगोती, बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जोड़ रोग एवं कूल्हे रोग परामर्श शिविर 05 को

**ग्वालियर।** शैल्बी कैलाश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कम्पू पर जोड़ रोग एवं कूल्हे रोग परामर्श शिविर का आयोजन मंगलवार दिनांक 05 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा। इस शिविर में शैल्बी हॉस्पीटल अहमदाबाद के जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं नी एण्ड हिप रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. विकास सांवला मरीजों का परीक्षण कर उन्हें परामर्श देंगे। विशेषज्ञ हर माह के पहले व तीसरे शनिवार को परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे।


## CHANGE OF NAME

I, AMARNATH SINGHAL S/o KAILSHA NARAYAN R/o 115, Baba Kapoor Ki Gali, Ward No. 07, Gohad Distt. Bhind (M.P.) -477116, have changed the name of my minor Son aged 12 years and he shall hereafter be known as ADITYA SINGHAL. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Vide affidavit No. BR 888991 Date 02/08/2025


# जीवन का सर्वश्रेष्ठ दान अंगदान : डॉ . पाटिल



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्ति।** सिम्स हॉस्पीटल में आज वर्ल्ड ऑर्गन डोनेसन डे मनाया गया जिसका मकसत लोगों में अंग दान के प्रति जागरूकता बढाना और उसे महादान के लिये प्रोत्साहित करना है, लेकिन आज भी लोगों में अंगदान को लेकर जानकारी की कमी है इसके प्रति जागरूकता को बढाने के उद्देश्य से आज सिम्स हॉस्पीटल में अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में हॉस्पीटल के वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ सोनूसिंग पाटिल ने बताया कि केन्द्र सरकार की तरफ से 3 अगस्त के दिन को अंग-दान दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाया जायेगा। साथ ही उन्होने बताया कि इस साल से प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा की 2025 से लेकर 2026 तक पूरे साल अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान चलाया जायेगा और इसे अंगदान वर्ष के रूप में मनायेंगें। डॉ पाटिल ने इसके महत्व को बताते हुए कहा कि जो डायलेसिस के पैसेन्ट है, वो बहुत की क्रिटीकल स्थिती से गुजरते है उनके सभी भाइयों से बहनों से व पूरे समाज से यही गुजारिस है कि सभी अंगदान अवश्य करें । उन्होंने बताया कि ऑर्गन डोनेशन के प्रति लोगों में समाज में जन जारूकता फैले जिससे कई लोगों को नया जीवन दिलाने में सहायक हो सकें । हॉस्पीटल के अतिरिक्त अधीक्षक विंग कमॉडर अक्षय सुरंगलीकर ने सभी मरीजों के परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी इस ऑर्गन डोनेशन के महत्व को समझें और किसी जरूरत मंद की मदद के लिये प्रेरित करें। इस अवसर पर अतिरिक्त अधीक्षक विंग कमॉन्डर अक्षय सुरंगलीकर,किडनी ट्रांस्प्लांट कॉडिनेटर डॉ नरेन्द्र सिंह सिकरवार, किडनी आईसीयू इन्चार्ज डॉ धर्मेन्द माहौर, आयुष्मान इन्चार्ज मनीष पाठक, बिलिंग मैनेजर शैलेन्द्र शर्मा, राहुल दुबे,विकाश महाजन, डायलेसिस स्टॉफ पुष्पेंद्र यादव, सलमान खान व डायलेसिस करा रहे मरीजों के परिजन विशेष रूप से उपस्थित हुए।


## सार्वजनिक आम सूचना

मैं अपने व्यवहारीगण श्रीमती कमला देवी भार्गव पत्नि स्व. श्री रामस्वरूप भार्गव, ओमप्रकाश भार्गव पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप भार्गव, श्रीमती प्रभा दुबे, श्रीमती नीलम शर्मा पुत्रीगण स्व. श्री रामस्वरूप भार्गव निवासीगण ग्वालियर की ओर से निम्न आशय की सूचना प्रेषित करता हूं कि मेरे उपरोक्त व्यवहारीगण एवं कृष्णकांत भार्गव के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 1827 मिन एवं सर्वे क्रमांक 1826/7 मिन कुल रकवा 22500 वर्ग फुट जिसके पूर्व दिशा में- हरसी भितरवार रोड, पश्चिम दिशा में- दीगर की संपत्ति, उत्तर दिशा में कुरेले की भूमि व दक्षिण दिशा में - दीगर की भूमि स्थित है, के संबंध में कृष्णकांत भार्गव पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप भार्गव निवासी ग्वालियर एवं भगवान शरण शर्मा पुत्र स्व. श्री बहादुर प्रसाद शर्मा एवं श्रीमती गायत्री शर्मा पत्नि भगवान शरण शर्मा निवासीगण कम्पू तिराहा, नया बाजार लश्कर ग्वालियर के विरूद्ध स्वत्व घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा एवं कृष्णकांत भार्गव की ओर से प्रथम जिला न्यायाधीश डबरा द्वारा उपरोक्त भगवान शरण शर्मा एवं श्रीमती गायत्री शर्मा के हक में संपादित व निष्पादित विक्रयपत्र दिनांकित 22.09.2022 को शून्य, अवैध व निष्प्रभावी घोषित किए जाने की सहायता हेतु तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड डबरा के न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। जो प्रकरण क्रमांक 223/2025 आर.सी.एस.ए. व उनमान कमला देवी भार्गव आदि विरूद्ध कृष्णकांत भार्गव आदि के नाम से विचाराधीन होकर उसमें आगामी दिनांक 19. 08.2025 नियत है। अत : जरिये उपरोक्त सार्वजनिक आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भगवानशरण शर्मा पुत्र स्व. श्री बहादुर प्रसाद शर्मा एवं श्रीमती गायत्री देवी शर्मा पत्नि भगवान शरण शर्मा निवासीगण कंपू तिराहा, नया बाजार लश्कर से उपरोक्त विवादित संपति के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था किसी भी प्रकार का कोई सम्व्यवहार, अनुबंधपत्र, विक्रयपत्र या अन्य किसी भी प्रकार का हक हस्तांतरण विलेख संपादित न करावें, अन्यथा वह स्वयं उत्तरदायी रहेगा। दिनांक - 02.08.2025

प्रेषक- देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव (एडवोकेट)
ठाकुर बाबा रोड, डबरा जिला ग्वालियर म.प्र.
मोबाइल नं. 98263-55421


# कर्मचारियों को शीघ्र मिले पदोन्नति : सिंह

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,03अगस्त।** म प्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी जिला ग्वालियर के जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने मुख्य मंत्री से अपनी घोषणा के अनुरूप शासकीय सेवको के पदौन्नति दिए जाने की मांग की है साथ ही 19 जून 2025 को पदोन्नति नीति जारी कर राजपत्र मे प्रकाशित कराया है इस निर्णय का स्वागत किया है । श्री सिंह ने कहा कि । कर्मचारियों को पदउन्नति न मिलने से आर्थिक रूप से नुकसान भुगतना पड़ा है । पदउन्नति की माँग करने वालो में सर्व कमल किशोर पाठक , श्री राकेश सिह जिलाध्यक्ष, ओ पी बाथम, चेतन यादव,विजय उपाध्याय, अनिल उपाध्याय, राजकुमार मिथौरिया, राघवेन्द्र सिह जादौन, धनश्याम काँसौटिया, छाऊराम केवट, राजकपूर कोरकू, उदय यादव, अतुल शर्मा , गौरीशंकर बाथम, हितेश शर्मा, रमन अम्ब, अरविन्द सोलंकी, अजय आहूजा, अखिलेश श्रीवास्तव , एस पी बघेल, कोमल राम भगत, सूरज मनकेले, आदि ने माँग की है।


## भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
## CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.

कॉनकॉर CONCOR
(भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम) (A Navratna Undertaking of Govt. of India)
एनएसआईसी न्यू एमडीबीपी बिल्डिंग, तीसरा तल, ओखला इंड. एस्टेट (एनएसआईसी ओखला मेट्रो स्टेशन के सामने), नई दिल्ली-110020

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कॉनकॉर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु टेण्डरिंग की एक पैकेट प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | CON/Area-II/EP/ICD-Mandideep/E-91558/2025-26 |
| कार्य का नाम | आईसीडी-मंडीदीप, भोपाल (मध्य प्रदेश) में सीसी पेवमेंट के साथ कच्चा यार्ड क्षेत्र का विकास। |
| अनुमानित लागत | रु. 380.09 लाख (जीएसटी सहित) — परिपूर्णन अवधि : 06 (छः) माह |
| धरोहर जमा राशि | रु. 3,40,045.00 (तीन लाख चालीस हजार पैंतालिस रुपये मात्र) |
| निविदा दस्तावेज की कीमत (अप्रतिदेय) | नगण्य |
| निविदा प्रक्रिया शुल्क (अप्रतिदेय) | रु. 3,540/- (सभी करों एवं प्रभारों सहित ई-भुगतान के माध्यम से) |
| निविदा बिक्री की तिथि (ऑनलाइन) | 04.08.2025 (15:00 बजे से) 26.08.2025 (17:00 बजे तक) |
| निविदा जमा करने की तिथि व समय | 27.08.2025 को 17:00 बजे तक |
| निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 को 15:00 बजे |

वित्तीय पात्रता मापदण्ड, समान प्रकृति के कार्य के संबंध में अनुभव, आदि, हेतु कृपया वेबसाइट www.concorindia.co.in पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना देखें परंतु पूरा निविदा दस्तावेज केवल वेबसाइट www.tenderwizard.com/CCIL से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त इस निविदा के बारे में शुद्धिपत्र/अनुशेष, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट www.concorindia.co.in, www.tenderwizard.com/CCIL तथा सेंट्रल प्रोक्योरमेंट पोर्टल (सीपीपी) पर प्रकाशित किया जाएगा। इसके लिए समाचार पत्र विज्ञापन जारी नहीं होगा।

कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएँ),
फोन नं.: 011-41222500